हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–184 : जौनपुर, शुक्रवार 24 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मोदी खुद को प्रधानमंत्री नहीं आपका सेवक मानता है –प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

वाराणसी ब्यूरो : करीब चार माह बाद चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर पहुंचे। करीब पांच घंटे के प्रवास में दो कार्यक्रमों में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए काशीवासियों से अपना नाता जोड़ा। हर–हर महादेव के उद्घोष के साथ भोजपुरी में भाषण की शुरुआत करने वाले पीएम मोदी ने कहा कि आज केंद्र में जो सरकार है। यूपी में जो सरकार है वो गरीब की चिंता करने वाली सरकार है, गरीब की सेवा करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि आप लोग भले ही मुझे प्रधानमंत्री बोलें लेकिन मोदी तो खुद को आपका सेवक ही मानता है। उन्होंने कहा कि काशी के विकास की चर्चा आज पूरे देश और दुनिया में हो रही है। जो भी काशी आ रहा है वो यहां से नई ऊर्जा लेकर जा रहा है। मुझे देश–विदेश में मिलने वाले लोग बताते हैं कि वो किस तरह विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण से मंत्रमुग्ध हैं। पीएम मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डॉ संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के मैदान में बने मंच पर दोपहर 1.12 बजे पहुंचे। 1780 करोड़ रुपये की 28 परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास किया। जनसभा में मौजूद हजारों की भीड़ ने हर–हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष से पीएम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि नवरात्रि का पुण्य समय है, आज मां चंद्रघंटा की पूजा का दिन है। ये मेरा सौभाग्य है इस पावन अवसर पर आज मैं काशी की धरती पर आप सब के बीच हूं। आज काशी में पुरातन और नूतन दोनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो रहे हैं। मां चंद्रघंटा के आशीर्वाद से आज बनारस की सुख–समृद्धि में एक और अध्याय जुड़ रहा है। आज यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप–वे का शिलान्यस किया गया है। अब जो ये रोप–वे यहां बन रहा है, इससे काशी की सुविधा और आकर्षण दोनों बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि अब गंगा के दोनों तरफ पर्यावरण से जुड़ा बड़ा अभियान शुरू होने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले बैंकों में खाता खोलने में भी पसीने छूट जाते थे। बैंकों से ऋण लेना तो गरीब परिवार सोच भी नहीं सकता था। आज गरीब से गरीब परिवार के पास भी जनधन बैंक खाता है। उसके हक का पैसा३ सरकारी मदद आज सीधे बैंक खाते में आती है।पीएम मोदी ने कहा कि विकास का जो रास्ता हमने चुना है, उसमें सुविधा भी है और संवेदना भी है। इस




क्षेत्र में एक चुनौती पीने के पानी की भी रही है। आज यहां पीने के पानी से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का लोकापर्ण हुआ है और नई परियोजनाओं पर काम भी शुरू हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गंगा के दोनों तरफ पांच किमी के हिस्से में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए इस वर्ष के बजट में भी ऐलान किए गए हैं। काशी में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जो काम हो रहे हैं, उनसे भी सुविधाएं बढ़ेंगी और आने–आने के साधान बेहतर हो जाएंगे। काशी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की छोटी–छोटी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही फ्लोटिंग जेट्टी का निर्माण किया जा रहा है।ज बनारस की एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में भी बड़ा काम हुआ है। बाबतपुर हवाई अड्डे पर नए एटीसी टावर का लोकार्पण हुआ है। रोड हो, पुल हो, रेल हो, एयरपोर्ट हो, कनेक्टिविटी के तमाम नए साधनों ने काशी आना–जाना बहुत आसान कर दिया है, लेकिन अब हमें एक कदम और आगे बढ़ना है। पीएम मोदी ने कहा कि कल यानी 25 मार्च को योगी आदित्यनाथ की दूसरी पाली का पहला साल पूरा होने जा रहा है। दो/तीन दिन पहले ही योगी आदित्यनाथ ने यूपी में सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड भी बनाया है। मंच पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल , कैबिनेट मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक,नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल, राज्यमंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र दयालु, विधायक नीलकण्ठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ अवधेश सिंह, टीराम, डॉ सुनील पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या मौजूद हैं।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य नें कहा इस लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी का खाता नहीं खुलने वाला

लखनऊ ब्यूरो : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस का आचरण रहा है कि पिछड़े वर्ग का वोट लेकर सरकार बनाना और फिर उन्ही का शोषण करना ।गरीब और पिछड़े वर्ग के नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में 80 सीट भाजपा को मिलेगी। देश मे भाजपा को 400 सीट मिलेगी। कांग्रेस का सफाया होगा। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे बताएं कि यूपीए सरकार में ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा क्यों नहीं दिया। मोदी के पिछड़े वर्ग के होने के कारण कांग्रेस और गांधी परिवार उनका अपमान करता है। कांग्रेस को शताब्दी वर्ष 2047 तक सरकार नहीं बन सकती। राहुल गांधी तो देश के बाहर भी देश के खिलाफ बयानबाजी करते हैं। कांग्रेस भ्रष्टचार की संरक्षक बन गई है। राहुल को देश के पिछड़े वर्ग को जवाब देना चाहिए। देश की जनता मोदी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। माननीय न्यायालय ने सजा सुनाई है उसे स्वीकार करना चाहिए। यदि उसके खिलाफ एक शब्द भी बोलेंगे तो यह न्यायालय का अपमान होगा। यूपी में कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा। मम्मी, दीदी या भैया कोई भी चुनाव लड़ें कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं देश–प्रदेश के 50 फीसदी से अधिक पिछड़े वर्ग के



लोगों का अपमान किया था। इससे लोगों के दिलों में घाव लगा था। न्यायालय के फैसले ने इस घाव पर मरहम लगाने का काम किया है। शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में केशव ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबों, वंचितों और पिछड़ों को वोट बैंक से अधिक कुछ नहीं समझा। यहां तक कि 60 साल सरकार में रहने के बावजूद ओबीसी आयोग को संवेधानिक दर्जा तक नहीं दिया। इस काम को मोदी सरकार ने अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि 2024 में यूपी में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलेगा। वहीं देश में भी कांग्रेस सबसे छोटे दल के रूप में दिखाई देगी।

## कायस्थ समाज ने विवेक श्रीवास्तव को किया सम्मानित : झारखंड सहायक अभियोजन अधिकारी एपीओ पद पर हुआ चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दीवानी न्यायालय के युवा अधिवक्ता विवेक कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट का चयन झारखंड सहायक अभियोजन अधिकारी APO पद पर होने पर आज कायस्थ समाज जौनपुर के सभी संगठनों के लोगो ने उनके अहियापुर आवास पर पहुचकर जोरदार स्वागत कर स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र भेट कर अभिनंदन किया। इनके पिता शैलेश कुमार श्रीवास्तव जो प्रधान डाक घर में बचत अभिकर्ता हैं जो अपने बच्चो को मेहनत व लगन से पढ़ाया उक्त अवशर पर विवेक के माता पिता को भी सम्मानित किया गया। विवेक श्रीवास्तव ने अपनी नियुक्ति का श्रेय अपने माता पिता को दिया और कहाँ की इस पद पर कार्य करते हुए ज्यूडिशियल की भी तैयारी करता रहूंगा आज जौनपुर के समाज के लोगो ने व अधिवक्ताओ ने जो सम्मान किया उनका आभारी हैं। विवेक के दो बड़े भाई अभिषेक श्रीवास्तव व रितेश श्रीवास्तव हैं जो नौकरी में है। राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि जौनपुर में जितने भी कायस्थ कही भी उच्च पदों पर नौकरी कर रहे है उन्हें योग्य बनाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उनके माता पिता को जल्दी ही एक कार्यक्रम कर सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह में कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट, राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया, कायस्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष दयाल



सरन श्रीवास्तव,संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव,कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव उमेश श्रीवास्तव फूफा जी, प्रदेश प्रवक्ता व संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, महासचिव संगत पंगत अजय वर्मा अज्जू, कोषाध्यक्ष संगत पंगत शरद श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष कायस्थ महासभा अजय श्रीवास्तव, जिला महासचिव कायस्थ महासभा अनुराग श्रीवास्तव जिला सचिव संगत पंगत संदीप श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास्तव रितेश श्रीवास्तव अध्यक्ष कायस्थ एकता मंच दयाशंकर निगम, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव बच्चा, सहित कायस्थ समाज के सभी संगठन के लोगो ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को दिया एक लाख की सहायता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल जौनपुर के ग्राम लोहिन्दा हटिया रामनाथ, थाना सुजानगंज में कमाल हुसैन की हुई हत्या एवं पीड़ित परिवार से विगत दिनों मिलने पहुंचा था वही प्रतिनिधिा मंडल ने परिवार से घटना की पूरी जानकारी लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को दिया था पीड़ित गरीब परिवार के दर्द को संज्ञान में लेते हुए अखिलेश यादव द्वारा एक लाख(100000) का सहायता राशि पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के द्वारा पीड़ित परिवार को दिया गया वहीं पीड़ित परिवार ने कहा जिस तरह हमारे परिजनों गार्जियन की हत्या हुई और परिजनों को पीटा गया जहां न्याय और आर्थिक सहायता सरकार को देनी थी वही विपक्ष के नेता अखिलेश यादव द्वारा दिया जा रहा है समाजवादी सरकार नहीं है लेकिन आर्थिक मदद देकर उन्होंने संदेश जरूर दिया है कि गरीब गुरबा कमजोर कि अगर कोई मदद कर सकता है तो सिर्फ इस देश में अखिलेश यादव कर सकते हैं हमारा पूरा परिवार समाजवादी पार्टी का आभारी रहेगा पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई व



लालबहादुर यादव ने योगी सरकार से मांग किया की पीडित परिवार को एक करोड़ रुपया और एक सरकारी नौकरी दें और कहां जिस तरह भाजपा सरकार में इस गरीबों के ऊपर अत्याचार हुआ हैं और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है समाजवादी पार्टी इस लडाई को आगे तक लडने का काम करेगा कहा महिलाओं बच्चों को इतनी बुरी तरह पीटा गया भाजपा जहां महिलाओं के सम्मान की बात करती है तो हमारी मांग को माने और पीडित परिवार की मदद करें। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई ,जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव महासचिव हिसामुद्दीन शाह प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दिनानाथ सिंह रमापति यादव, जयनाथ यादव, रामसालीक यादव सहित हजारों संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षा विभाग के अनुपस्थित 16 हजार शिक्षकों पर कार्यवाही शुरू : शासन ने सभी बीएसए को दिए निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बिना सूचना गायब 16706 शिक्षकों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दिसंबर से फरवरी के बीच स्कूल से अनुपस्थित मिले शिक्षकों का वेतन रोकने, वेतन काटने, नोटिस जारी करने आदि की कार्रवाई की जा रही है। सभी बीएसए को कार्रवाई कर इसकी सूचना प्रेरणा पोर्टल पर भी अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय टास्क फोर्स व विकास खंड स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों से पांच–पांच विद्यालयों का निरीक्षण किया था। इसमें दिसंबर 2022 में 5988, जनवरी 2023 में 4251, फरवरी 2023 में 6467 कुल 16706 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे। इसमें तीन महीनों में सर्वाधिक हरदोई में 482, सीतापुर में 461, बहराइच में 459, बरेली में 432, देवरिया में 431, सिद्धार्थनगर में 420 शिक्षक अनुपस्थित मिले थे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने सभी बीएसए को अनुपस्थित शिक्षकों पर निर्धारित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। साथ ही यह भी कहा था कि कार्रवाई संबंधित सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करें। हालांकि अब तक 16706 में से 551 शिक्षकों पर कार्रवाई की ही सूचना पोर्टल पर अपलोड की गई है। इस पर उन्होंने सात दिन में की गई कार्रवाई की सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है। इसमें लापरवाही करने वाले बीएसए को भी कार्यवाही के लिए चेतावनी दी गई है।

## योगी सरकार के विकास का एजेंडा लागू करने में लखनऊ सहित चार मंडल अव्वल : कानपुर फिसड्डी

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार के विकास का एजेंडा लागू करने में लखनऊ, सहारनपुर, बरेली और प्रयागराज मंडल अव्वल हैं। कानपुर मंडल योजनाओं के क्रियान्वयन में फिसड्डी रहा है। कानपुर मंडल को 96.2 फीसदी अंकों के साथ 18वीं रैंक मिली है। यूपी सरकार के कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग से जारी फरवरी की रिपोर्ट के मुताबिक लखनऊ ने 69 लागू सभी कार्यक्रमों में बेहतर काम किया है। इससे लखनऊ मंडल को 345 में से 345 अंक मिले हैं। सहारनपुर मंडल ने 62 कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू कर 310 में से 310 अंक पाए। बरेली मंडल ने 65 कार्यक्रम को लागू कर 325 में से 325 अंक पाए। प्रयागराज मंडल ने 67 कार्यक्रम लागू कर 335 में से 335 अंक पाए। लखनऊ सहित 37 जिले ऐसे हैं जिन्होंने 100 फीसदी योजनाओं को अपने यहां लागू किया है। लखनऊ की मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि सभी डीएम ने योजनाओं को लागू कराने में अच्छा काम किया है। इससे लखनऊ को नंबर वन बनाने में सफलता मिली है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## पिहानी कोतवाली क्षेत्र में हिंदुओं को ईसाई बनाने की कोशिश : एक आरोपी गिरफ्तार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी विकासखंड के ग्राम पंचायत सरौरा रजुआपुर में एक शख्स पर हिंदू धर्म के लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का आरोप लगा हैध। इस मामले में पुलिस ने धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी शख्स लोगों को बीमारी से ठीक करने के लिए, पैसा देने के लिए, नौकरी लगवाने जैसे प्रलोभन दे रहा था। ग्राम सरौरा निवासी अंकित सिंह चौहान पुत्र राजकुमार सिंह चौहान की तहरीर पर पुलिस ने आशीष कुमार बरगावा कोतवाली देहात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया है।

## नशे की हालत में शारदा नहर में गिरा युवक : मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरैया शारदा नहर पुल से बृहस्पतिवार की रात नशे की हालत में आशीष कुमार मिश्रा पुत्र रामदत्त मिश्रा गिरने से मृत्यु हो गई। इस समय शारदा नहर में जल प्रवाह बंद है। पेट्रोल पंप व आने जाने वाले राहगीरों ने बृहस्पतिवार की रात को आशीष कुमार मिश्रा को नशे में धुत देखा था। नशे में होने के कारण आशीष कुमार हरैया पुल से मुंह के बल नीचे जा गिरा। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जंगली जानवर उसके हाथ और बगल का मांस भी खा गए। जिसके कारण उसका खून भी आस पास पड़ा हुआ मिला। जानकारी के अनुसार आशीष कुमार मिश्रा नशे का आदी था। प्रतिदिन वह शराब पीता था। शराब के कारण ही उसने एक बीघा खेत रघुवंशी निवासी हरैया को बेच दिया था। मृतक के पिता राम दत्त मिश्रा ने आरोप लगाया है कि रघुवंशी ने अभी खेत का आधा पैसा नहीं दिया है ।आशीष कुमार मिश्रा रघुवंशी के पास शेष बकाया पैसा लेने गया था।रघुवंशी ने अभी भी पैसा नहीं दिया है। मृतक आशीष कुमार मिश्रा की एक बेटी है। मौत की खबर सुन उसकी पत्नी पुष्पा का बुरा हाल है। सूचना पर तत्काल पहुंचे कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तिलकधारी महाविद्यालय जनपद जौनपुर में 'ईट राईट मेला' का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशो एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के अनुपालन के क्रम में 02 दिवसीय (22 एवं 23 मार्च 2023 को) स्थान तिलकधारी महाविद्यालय जनपद जौनपुर में 'ईट राईट मेला' का आयोजन किया गया। 22 मार्च को प्रातः 11:00 बजे माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुष एवं होम्योपैथी) श्री दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु जी जी द्वारा ईट राइट मेला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया



मा0 राज्यमंत्री के स्वागत, उद्बोधन इत्यादि कार्यक्रम के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा 'ईट राईट जागरूकता' सम्बन्धित विभिन्न सास्कृति कार्यक्रम, नाट्य मंचन इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के लभगभ 135 विद्यार्थियों द्वारा 'ईट राईट जागरूकता' के सम्बन्ध में निबन्ध प्रतियोगिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया । उपरोक्त के क्रम में 23 मार्च को प्रातः 07:00 बजे योगा कार्यक्रम के साथ मेला की शुरूआत करते हुए ईट राइट के सम्बन्धा में जागरूकता हेतु प्रभातफेरी किया गया। मिलेट रेसीपी तथा हेल्दी फूड थाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सायं उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मिलित विजेता प्रतिभागियों को जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाल शर्मा द्वारा पुरस्कार/प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सांस्कृति कार्यक्रम के साथ 'ईट राइट मेला' का समापन किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

भगवान उसकी मदद करते हैं जो खुद अपनीं मदद करते है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# दोराहे पर विपक्ष और चौराहे पर विपक्षी एकता

सूरत की एक अदालत का मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराने वाला फैसला क्या विपक्ष की राजनीति में निर्णायक बिंदु बन सकता है? या नेतृत्व को लेकर विपक्षी दलों में व्याप्त दरारों का फायदा भाजपा को होता रहेगा?

राजनीतिः दोराहे पर विपक्ष और चौराहे पर विपक्षी एकता, केंद्र में राहुल

गुरुवार को जब मैं यह आलेख लिख रही हूं कि कैसे 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद मजबूत होते दिख रहे राहुल गांधी को कुछ विपक्षी दल संदेह से देख रहे हैं, नेहरू–गांधी परिवार के इस महत्वपूर्ण सदस्य को 2019 के उनके 'मोदी' सरनेम को 'चोर' से जोड़ने वाले बयान से संबंधित एक आपराधिक मानहानि के मामले में गुजरात की एक अदालत ने दोषी ठहराया है। मैं इस पर बाद में आऊंगी।

भारतीय राजनीति का यह विरोधाभास है कि मजबूत राहुल भाजपा के लिए अच्छी खबर है और विपक्ष के लिए खराब खबर। अच्छी खबर इसलिए, क्योंकि 2024 के चुनाव के 'मोदी बनाम राहुल' बनने की संभावना है और आज जैसे हालात हैं, उसमें लगता है कि इससे मोदी को लाभ होगा। पूरे देश में 4,000 किलोमीटर की पदयात्रा ने राहुल का कद बढ़ाया है और यह उनकी अपनी उपलब्धि है, जिसमें परिवार के नाम का कोई योगदान नहीं है। और इसीलिए उन्हें मोदी के मुख्य विरोधी की तरह देखा जाने लगा और वह विपक्ष का 'चेहरा' बनते भी दिखे, फिर चाहे विपक्षी दल उन्हें इस रूप में स्वीकार करें या न करें।

विपक्ष की ओर से नेता कौन होगा, इसका फैसला तो 2024 के चुनावों के बाद ही होगा और यह स्थिति भी तब आएगी, जब विपक्ष सरकार बनाने की स्थिति में हो, पर अभी तो ऐसा नहीं लग रहा है। लिहाजा, मोदी बनाम विपक्ष से कौन? यह बहस भाजपा के कथानक को मदद करती है, न कि विपक्ष के एजेंडा को।

आज विपक्ष दो खेमों में बंटा हुआ है और उनके मतभेद इस मुद्दे के इर्द–गिर्द केंद्रित हैं कि विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व कौन करेगा। कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जिनका अपने राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन है और वे कांग्रेस को नेतृत्व की भूमिका देने पर राजी हो सकती हैं। इनमें द्रमुक (तमिलनाडु), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झारखंड), राजद और जनता दल (यू) (बिहार), एनसीपी और शिव सेना (महाराष्ट्र) शामिल हैं।

हाल ही में त्रिपुरा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाली लेफ्ट पार्टियां गैर–भाजपा गठबंधन का समर्थन करेंगी, फिर कांग्रेस उसका नेतृत्व करे या न करे। इन दलों के अलावा ऐसी पार्टियां और नेता भी हैं, जो अपनी सरकार चलाने के लिए कांग्रेस पर निर्भर नहीं हैं, जिनमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (पश्चिम बंगाल), अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (दिल्ली और पंजाब), के चंद्रशेखर राव की बीआरएस (तेलंगाना) शामिल हैंकृऔर ये कांग्रेस (राहुल) का नेतृत्व स्वीकार नहीं करेंगी। यहां तक कि समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और 2024 में गांधी–नेहरू परिवार का गढ़ माने जाने वाले रायबरेली और अमेठी से भी अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। ये वे सीटें हैं, जहां सपा ने अपने उम्मीदवार खड़े नहीं कर अतीत में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को चुनाव जीतने में मदद की है।

पिछले हफ्ते ममता बनर्जी ने गौतम अदाणी की प्रधानमंत्री मोदी से कथित करीबी की जेपीसी जांच की कांग्रेस की मांग से प्रत्यक्ष रूप से खुद को दूर रखा था। आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति, जो कि कांग्रेस की 'बड़े भाई' की भूमिका को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं, कुछ अन्य पार्टियों की तरह कांग्रेस की कीमत पर ही आगे बढ़ी हैं। ये पार्टियां जानती हैं कि कांग्रेस के पुनर्जीवन की कीमत उन्हें चुकानी पड़ सकती है। लिहाजा यह सिर्फ अहंकार का मामला नहीं है, यह संकट इन क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व के लिए भी खतरा बन सकता है।

विपक्ष में गतिरोध टूटने का एक ही तरीका हो सकता है कि राहुल पीछे हट जाएं और विपक्षी एकता का मार्ग प्रशस्त करें। लेकिन ऐसा कहना आसान है, करना कठिन। यह कांग्रेस के नए जुड़े समर्थकों को हताश करने जैसा होगा, जिन्होंने भले ही अभी यह तय न किया हो कि वे किसे वोट देंगे, लेकिन राहुल को नई उम्मीद के रूप में देख रहे हैं।

क्षेत्रीय दल अभी अपनी स्थिति को तौल ही रहे थे कि राहुल को दोषी ठहराने वाला फैसला आ गया। सूरत की अदालत के राहुल को दोषी ठहराने वाले फैसले के कुछ मिनट बाद ही राहुल के पक्ष में सबसे महत्वपूर्ण समर्थन आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने जताया, जबकि उन्हें विपक्ष की किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में कांग्रेस के सबसे बड़े विरोधी के तौर पर देखा जाता है। यह अतीत से आगे बढ़ने का भी संकेत हैय जबकि दिल्ली और पंजाब में आप को सफलता मिली ही कांग्रेस की कीमत पर है।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जब शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, तब कांग्रेस उनके बचाव में सामने नहीं आई थी। अपने दो लेफ्टिनेंट–सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जेल में होने और केंद्र तथा उपराज्यपाल के साथ हर कदम पर टकराव होने के कारण केजरीवाल अलग–थलग पड़ गए हैं। यहां तक कि उनके लिए दिल्ली का बजट पारित करवाना भी मुश्किल हो गया। ऐसे में उन्हें लग रहा हो कि विपक्षी दलों को निशाना बनाने में भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है।

अभी यह सवाल अहम है कि क्या राहुल को सजा सुनाए जाने के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता भी जा सकती है। आपराधिक मामलों में सजा सुनाए जाने पर सदन की सदस्यता जा सकती है और छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराया जा सकता है, जैसा कि लालू प्रसाद यादव के मामले में हो चुका है। गुजरात की निचली अदालत ने राहुल को गुजरात उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए तीस दिनों का समय दिया है। लेकिन क्या उच्च न्यायालय फैसले पर स्थगन दिए बिना मामले की सुनवाई कर सकता है? दूसरे शब्दों में, राहुल को लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया जाए, भले ही वह उनके मामले की सुनवाई करता रहे?

राजनीतिक मोर्चे पर अभी क्या कुछ होगा, नहीं कहा जा सकता, लेकिन क्या इससे राहुल गांधी के प्रति जनता में सहानुभूति पैदा हो सकती है–भले ही भाजपा इस मुद्दे को हवा दे रही हो? क्या राहुल 'पीड़ित' के रूप में क्षेत्रीय दलों की एकता में उत्प्रेरक का काम कर सकते हैं?

विपक्षी दल विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग की भर्त्सना कर रहे हैं, इसके बावजूद उनके मतभेद भी कायम हैं। हालांकि उनके भीतर से यह स्वर भी उठ रहे हैं कि जब भाजपा के दूसरे कार्यकाल में उन्हें मुकदमों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, तो फिर मोदी के तीसरे कार्यकाल में क्या होगा? क्या राहुल की दोषसिद्धि विपक्षी राजनीति में निर्णायक बिंदु बन सकती है? या इसका फायदा भाजपा को होता रहेगा?

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नव संवत्सर के शुभागमन पर घण्टे घड़ियाल शंख व जयनाद के साथ निकली विशाल प्रभातफेरी

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : गतवर्ष की भाँति इस वर्ष भी चौत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्री राम नाम संकीर्तन समिति के द्वारा सनातन नववर्ष के शुभागमन पर नगर में एक विशाल प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। नगर व क्षेत्र के धार्मिक व सामाजिक कार्यों में निरंतर सेवारत शारद पंडित प्रशान्त कुमार''पी.के.'' ने बताया कि इस प्रभातफेरी में सनातनियों के एक विशाल जनसमूह को जोड़ने का कार्य किया गया। अपने सनातन धर्म की पृष्ठभूमि, इतिहास व अपने कर्तव्यों आदि के प्रति जयनाद, भजन आदि से जनजागरण किया। इस विषय में सभी प्रक्रियाओं एवं वांछनीय सभी कानूनी नियमों का अनुसरण किया गया। मार्ग में नागरिकों द्वारा द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। प्रभातफेरी का शुभारंभ पन्तवारी मन्दिर प्रांगण से प्रातः 05:30 बजे से प्रस्थान कर नगर के सभी मोहल्लों व मुख्यमार्गों से होते हुए पुनः माँ पन्तवारी मन्दिर पर यात्रा विराम हुई। नगर व आसपास के हजारों सनातन धर्मानुरागियों ने अपनी पारंपरिक व सांस्कृतिक वेशभूषा भगवा या पीला धोती कुर्ता, कुर्ता पायजामा, भगवा टोपी, अंगवस्त्र मस्तक पर



तिलक वन्दन चन्दन, शिखा बन्धन धारण कर अपने अपने घरों से घण्टा, शंख, घड़ियाल आदि लेकर बजाते हुए बढ़चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर संकीर्तन समिति के संस्थापक विश्व मोहन मिश्रा, साथी प्रकाश शुक्ल, वीरेंद्र अवस्थी, विदुर त्रिवेदी एवं समस्त पदाधिकारी जन उपस्थित रहे।। प्रभातफेरी में सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबन्ध पाली पुलिस के द्वारा किया गया।

## भव्य रूप से सम्पन्न हुई मण्डल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ०प्र० के विज्ञान भवन परिसर में मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों के भविष्य को देखते हुए अपने मॉडल्स का प्रदर्शन किया. लखनऊ प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रिया केजरीवाल ने सभी प्रतिभागियों को अपने आशीर्वचन से सिंचित किया और संयुक्त शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी, उप शिक्षा निदेशक डॉ० ओमप्रकाश मिश्रा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त निदेशक डॉ० आई० डी० राम, डॉ० डी० के० श्रीवास्तव, इं० राधेलाल , मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ० दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक पूनम शाही, जिला विज्ञान क्लब, लखनऊ के समन्वयक प्रो०(डॉ०) डी० बी० सिंह, सुभाषचन्द्र बोस इंस्टीट्यूट के विभागाध्यक्ष डॉ० नीरज कुमार के निरीक्षण में छात्रों को प्रोत्साहित किया गया. वहीं, छात्रों की प्रतिभा को देखर वह काफी प्रभावित भी नजर आए। मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली मिलाकर कुल 6 जनपदों के विद्यार्थियों ने लगभग 90 मॉडल प्रस्तुत किया . छात्र–छात्राओं ने प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया. विज्ञान की इस प्रदर्शनी में बच्चों ने पौधों को वायरलेस टेक्नीक, पानी/ खाद देने की मशीन, गर्ल्स प्रोटेक्टर, एंटी स्मॉग गन, आलू खोदने की मशीन एवं जैव विविधता के साथ कई अन्य प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। राजकीय गर्ल्स विद्यालय की छात्रा ने बनाया इन्नोवेटिव वायरलेस टेक्नीक जुहम खघन एवं जान्हवी गौतम ने अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर प्रथम स्थान, तेजस्वी सिंह एवं समीर रोका ने स्मार्टशिप इरीगेशन सिस्टम हेतु द्वितीय पुरस्कार, उन्नाव की श्रेया मिश्रा ने स्वाचालित सोलर व्हील चेयर हेतु तृतीय स्थान के साथ साथ 10 माडलो का चयन किया, चयनित माडलो को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' प्रदर्शनी की थीम रही। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक प्रो०(डॉ०) डी० बी० सिंह ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने से बच्चों को बहुत मोटिवेशन मिलता है. आज आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का थीम वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान था. जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मध्य वैज्ञानिक सोच,सरोकार,अंधविश्वास एवं कुरीतियों पर अपना वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने एवं उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का प्रयास है. इस प्रदर्शनी में मंडल के छः जनपदों ने हिस्सा लिया. उन्होंने बताया कि यहां से चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भेजा जाएगा।



## एलपीसीपीएस में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी प्रारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज मे प्रबंधन, इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से हाल के नवाचारों मे प्रयुक्त अनुसंधान पद्यति पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को हुई। 23 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) द्वारा किया जा रहा है। संगोष्ठी का आरंभ संस्थान की निदेशिका गरिमा सिंह के संबोधन से हुआ. संगोष्ठी के पहले दिन कोपेनहेगन बिजनेस स्कूल के डॉ आशुतोष धर द्विवेदी ने साइबर सिक्योरिटी और ब्लॉक चेन मैनेजमेंट पर व्याख्यान दिया. डॉ आशीष कौशल ने एनतरप्रन्योरशिप पर चर्चा की. आगामी दो दिनों में इस सम्मेलन में सिलेसिया विश्वविद्यालय, पोलैंड से डॉ ग्रेगर्स टी मचनिक, इवॉन पोलक, कोपेनहेगेन बिजनस स्कूल, डेनमार्क से डॉ रजनी सिंह द्विवेदी मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय वक्ताओं मे डॉ शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के डीन व प्रोफेसर डॉ चंद्रकांत दीक्षित, अंसल टेक्निकल कॅम्पस के निदेशक प्रोफेसर, डॉ प्रशांत कुमार पांडे एवं शिया पीजी कॉलेज के जीव विज्ञान के असोशीएट प्रोफेसर डॉ शैलेश श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे।

## सत्र के पहले दिन बच्चों ने मनाया बैगलेस डे : लगी मस्ती की पाठशाला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों पर बैग के बोझ को कम करने के लिये प्रत्येक शनिवार को बैगलेस डे मनाया जाय साथ शुरूआती दस दिनों तक बच्चों को हंसी खेल के साथ अन्य शैक्षणिक गतिविधियां करायी जाय। इस नीति को क्रियान्वित करते हुये सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स की राजाजीपुरम् शाखा, सीतापुर रोड व रूचिखण्ड शाखा में सत्र के पहले दिन कला उत्सव के साथ बैगलेस डे मनाया गया। जिसमें बच्चों ने हंसते खेलते हुये जमकर मस्ती की। वही उनके शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी उनके साथ मस्ती की पाठशाला लगायी। टीचर बने इंजन तो बच्चे बने डिब्बे चलाई रेलगाड़ी सत्र के पहले दिन आयोजित कला उत्सव में नर्सरी से कक्षा बारह तक के सभी बच्चों के साथ उनके टीचर्स प्रिंसपल ने भी कैनवास पर अपनी अपनी कल्पनाओं को रंगों के साथ उकेरा। जिसमें सर्वश्रेष्ठ कैनवास को पुरस्कृत भी किया गया। मस्ती की पाठशाला में बच्चों ने जमकर डांस किया गाने गाये तो वही रेलगाड़ी भी चलाई जिसमें उनके शिक्षक इंजन बने। बच्चों के इंसते खिलखिलाते चेहरे बैगलेस डे की महत्ता खुद बता रहे थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या



में अभिभावक भी उपस्थित थे जिन्होनें सत्र के पहले दिन आयोजित कला उत्सव की भूरि–भूरि सराहना की। इस अवसर पर सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय समूह की शाखाओं में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को कक्षा नर्सरी से बारह तक पिछले कई वर्षों से क्रियान्वित किया ही जा रहा है। बैग लेस डे का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के तनाव से परे उनका बचपन वापस करना है। उनकी छिपी प्रतिभाओं को नैसर्गिक रूप से बाहर लाना है। क्योकि बच्चे हंसते हुये अच्छे लगते है उदास नही। हमारा उद्देश्य बच्चों को पढ़ाना है उन पर तनाव और बोझा डालना नहीं है।

## अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध औचक जांच का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे,लखनऊ मंडल द्वारा अवैध एवं अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम एवं इनपर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न प्रकार की जांच प्रक्रियाओं को अमल में लाया जाता है। इसी क्रम में दिनांक 22 एवं 23. 03.2023 को मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम एवं रेल सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध संयुक्त रूप से एक औचक जांच का आयोजन किया गया। इस जांच के दौरान टीम द्वारा दिनांक 22.03.23 को गाड़ी संख्या 15066 (पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस) की लखनऊ पहुँचने पर सघन जांच की गयी एवं इस जांच के दौरान 02 वेंडरों को गाड़ी पर अनाधिकृत रूप से बिना किसी वैध प्राधिकार पत्र के खाने पीने का सामान बेचते हुए पाया गया एवं इसी क्रम में दिनांक 23.03.23 को गाड़ी संख्या 15065 (गोरखपुर– पनवेल एक्सप्रेस) की लखनऊ पहुँचने पर सघन जांच की गयी एवं इस जांच के दौरान 02 वेंडरों को गाड़ी पर अनाधिकृत रूप से अप्रमाणित पानी की बोतलें निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर तथा रेवड़ी बेचते हुए पकड़ा



गया। पूछताछ करने इन दोनों व्यक्तियों के पास से खाने पीने का सामान गाड़ियों एवं प्लेटफार्म पर बेचने सम्बन्धी कोई वैध प्राधिकार पत्र नहीं पाया गया। अतः उपरोक्त प्रकरणों में सम्मिलित अनाधिकृत वेंडरों को इनके पास से पाए गए सामान 65 बोतल लोकल ब्रांड पानी एवं एक बैग रेवड़ी सहित अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु रेल सुरक्षा बल लखनऊ के सुपुर्द कर दिया गया।

## स्टडी हॉल प्रेप स्कूल के नन्हें बच्चों ने पढ़ाया समानता का पाठ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः स्टडी हॉल प्रेप स्कूल ने 23 मार्च को अपना वार्षिक संगीत कार्यक्रम आयोजित किया। संत गाडगे ऑडिटोरियम, जहां छात्रों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से लैंगिक समानता और सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम की थीम सिंड्रेला 2.0 – एक ऐसी दुनिया जहाँ लैंगिक समानता हो था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की हेडमिस्ट्रेस रचना सिन्हा ने अभिभावकों का दिल से स्वागत कर सभी छात्रों और शिक्षकों की सराहना के साथ की। साथ ही स्टडी हॉल की प्रधानाध्यापिका, मीनाक्षी बहादुर ने माता–पिता और उनके परिवार वालों का स्वागत किया। शेफ की संस्थापक और सीईओ डॉ. उर्वशी साहनी ने भी अभिभावकों को संबोधित किया और कहा, ''स्टडी हॉल एक हैप्पी स्कूल के नाम से जाना जाता है जहां सभी को प्यार और आदर मिलता है। हमारा मिशन हमारे बच्चों, शिक्षकों और माता–पिता को लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय, व्यक्तिगत उत्कर्ष और सक्रिय लोकतांत्रिक नागरिकता के बारे में शिक्षित करना है। हमारे बच्चों ने इन अद्भुत प्रदर्शनों के माध्यम से इस संदेश को स्पष्ट रूप से आज साझा किया है।" छात्रों ने ''आई हैव ए ड्रीम,'' यूनिकॉर्न डांस, फैशन शो, स्पेस डांस और कश्मीरी डांस नामक फ्यूजन गीत सहित विभिन्न कृत्यों का प्रदर्शन किया।




इन प्रदर्शनों के माध्यम से, बच्चों ने इस तथ्य पर बल देते हुए समानता, लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण का संदेश दिया। स्टडी हॉल की वाइस प्रिंसिपल मीनाक्षी शाह ने छात्रों और शिक्षकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए आभार और गर्व व्यक्त किया। राष्ट्रगान के ग्रैंड फिनाले के साथ संगीत कार्यक्रम का समापन हुआ। सामाजिक मुद्दों के बारे में बच्चों को शिक्षित करने और उन्हें एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए प्रेरित करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी।

## जन समाज सेवा संस्था ने वीर सपूतों की शहीदी को किया शत शत नमन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जन समाज सेवा संस्था द्वारा सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ,शहीद दिवस पर लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट में इलाज करा रहे मरीज एवं उनके परिजनों को भेंट की गई उनके जरूरत की सामग्री एवं दवाई संस्था के अध्यक्ष रनजीत सिंह ने वतन पर मर मिटने वाले शहीदों को पुष्पमाला एवं वंदे मातरम के नारे लगाकर शहीदो को नमन किया , सरदार भगत सिंह, राजगुरु, और सुखदेव, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख क्रान्तिकारी थे। जिंहे 23 मार्च 1931 को फाँसी दी गई थी। इनके बलिदान को आज भी सम्पूर्ण भारत में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। सुखदेव भगत सिंह की तरह बचपन से ही आजादी का सपना पाले हुए थे। ये दोनों 'लाहौर नेशनल कॉलेज' के छात्र थे। दोनों एक ही वर्ष पंजाब में पैदा हुए और एक ही साथ शहीद हो गए।ऐसे वीर शहीदो की



शहादत का संपूर्ण भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक ऋणी है। जन समाज सेवा संस्था का समस्त परिवार इन वीर सपूतों की शहीदी को शत शत नमन करता है। इस कार्यक्रम में सुनील अग्रवाल, अनेक सिंह, रंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, जसवीर कौर जसवंत सिंह, बलवंत सिंह, कमलजीत सिंह, अमन सिंह, सूरज, युतिका सिंह, उपस्थित थे।

## पैंथर्स पार्टी का 42 वां स्थापना दिवस पूरे भारत में धूमधाम से मनाया गया –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जी के शहीदी दिवस पर प्रो भीम सिंह द्वारा गठित नेशनल पैंथर्स पार्टी का 42 वां स्थापना दिवस कश्मीर से कन्याकुमारी तक धूमधाम से मनाया गया जम्मू में डोगरा हॉल में हजारों की संख्या में जनसैलाब ने आकर असली पैंथर्स पार्टी के का अध्यक्ष पीके गंजू , महासचिव अनीता ठाकुर ,हकीकत सिंह को दिखा दिया भीम सिंह द्वारा लगाए पौधे का परिणाम दिल्ली में भी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजीव जोली खोसला राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा जी के सानिध्य में बड़े धूमधाम से मनाया प्रो भीम सिंह के मृत्यु के बाद पहला स्थापना दिवस आया था दिल्ली में मौजूद रहे अंतरराष्ट्रीय जादूगर सरदार जितेंद्र सिंह बब्बर जिन्होंने प्रो भीम सिंह जी की मुहिम न्याय अधिकार की जंग का पूरा साथ देने का वादा किया स्थापना दिवस पर मौजूद सभी ने भारत की जनता से निवेदन किया कि अपने आंखों के लिए पैंथर्स पार्टी का साथ दें बिहार में कार्यक्रम तूफान सिंह जी और गौरव जी उत्तर प्रदेश में भाई अकबर हरियाणा में भारत भूषण और चंद्र मोहन पंजाब में जीत कुमार, रामराज ,पूनम तमिलनाडु



में नरेश अंबेडकर जयपुर में शाहिद खान जी ने सर्वप्रथम स्वर्गीय भीम सिंह जी को श्रद्धांजलि दी दिल्ली में उपस्थित पहली महिला ऑटो चालक दिल्ली महासचिव सुनीता चौधरी नई दिल्ली अध्यक्ष छतर सिंह महासचिव प्रितपाल जी प्रो साहब के पुराने साथी मजदूर नेता स्वर्ण सिंह यादव सचिव एजे राजन और सचिव प्रेम सिंह ,रोशन , विनय कुमार , सुरेश जी ,महफूज खान अंतरराष्ट्रीय मॉडल हितेश शर्मा जिन्होंने भगत सिंह जी सोलो एक्ट प्रस्तुत किया खोसला जीने ने आए हुए सभी पैंथर्स का स्वागत किया व प्रो भीम सिंह जी की मुहिम पर चलने का संकल्प दिलाया 'प्रोफेसर भीम सिंह अमर रहे, अमर रहे, अमर रहे।

# माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज बड़े ही अकीदत के साथ किया अदा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में आज रमजान के पहले ही दिन जुमा होने के कारण भारी संख्या में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा की मुख्य रूप से अटाला मस्जिद बड़ी शिया जामा मस्जिद मस्जिद शेर की मस्जिद सराय पोख्ता मस्जिद किला मस्जिद मदीना मस्जिद हजरत लुक्का शाह मस्जिद लाल दरवाजा मस्जिद एवं अन्य मस्जिदों में भी नमाजियों का हुजूम उमड़ पड़ा इसी क्रम में शिया जामा मस्जिद जौनपुर के इमाम ए जुमा मौलाना महफुजुल हसन खान ने सभी को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि अल्लाह, ईश्वर का शुकराना अदा करते हुए आज हम रमजान उल मुबारक का इस्तकबाल कर रहे हैं और सबको इसके हुकूक को पहचान कर



उन्हें हर कीमत पर अदा करना है इस मुबारक महीने का सबसे पहला हक यह है कि हम इस महीने की ताजीम व एहतेराम का पूरा खयाल रखा।

# वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राम नारायण सिंह के पुत्र का निधन



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद ही नहीं, प्रदेश के वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक एवं श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति जौनपुर के संरक्षक डॉ राम नारायण सिंह के ज्येष्ठ पुत्र आलोक सिंह उर्फ जुगनू का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। इसकी जानकारी होने पर परिवार सहित नातकृ रिश्तेदारों एवं शुभचिन्तकों में शोक की लहर दौड़ गयी। देखते ही देखते नगर के वाजिदपुर मोहल्ले में स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लग गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के राम घाट पर हुआ जहां उपस्थित तमाम चिकित्सकों, समाजसेवियों,पत्रकारो अधिवक्ताओं आदि ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दिया।

# अमृतपाल के नेपाल भागने की आशंका : बॉर्डर पर एसएसबी ने चस्पा किया फोटो

बहराइच ब्यूरो : देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे पंजाब से भागे अमृतपाल की बहराइच के रास्ते नेपाल भागने की संभावना को देखते हुए एसएसबी ने बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी है। बॉर्डर स्थित एसएसबी की चौकियों पर जगह–जगह अमृतपाल के पोस्टर चस्पा किए गए हैं और बॉर्डर पर आने–जाने वालों की सघन जांच की जा रही है। यही नहीं एसएसबी सीमा से गुजरने वाले विशेष परिधान व वेश–भूषा वाले लोगों की विशेष जांच कर रही है। कोई भी अपराधी हो और उसका नाम बहराइच से न जुड़े शायद ही ऐसा हो। ऐसे में एक बार फिर चर्चा है, कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल और पंजाब के युवाओं को भड़काने वाला पंजाब का भगौड़ा अमृत पाल रुपईडीहा बॉर्डर के रास्ते नेपाल भाग सकता है। लेकिन अमृतपाल के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल ने भी कमर कस ली है और बॉर्डर जांच का दायरा बढ़ा दिया है। एसएसबी बॉर्डर से गुजरने वाले विशेष परिधानों और हुलिया वाले लोगों की विशेष जांच कर रही है। यही नहीं बॉर्डर पर एसएसबी की चौकियों पर जगह–जगह भगौड़े अमृतपाल के पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं। सशस्त्र सीमा बल 42 वीं वाहिनी कमांडेंट तपन कुमार दास ने बताया कि पंजाब से फरार चल रहा अमृतपाल सिंह छुपने के लिए नेपाल का सहारा



ले सकता है। जिस कारण नेपाल से भारत जाने वाले नागरिकों के चेहरों को जांचने के लिए जवानों द्वारा विविध प्रकार के उपयोग किए जा रहे हैं। सहायक कमांडेंट नंदन पांडे ने बताया अमृतपाल सिंह के पहचान के लिए सीमावर्ती सीमा चौकी पर उसकी फोटो चस्पा की गयी है। ताकि अगर वह नेपाल भागने की कोशिश करे तो उसे दबोच लिया जाए। साथ ही उसका पोस्टर देखकर सामान्य लोग भी उसकी पहचान कर सकें और उसके जैसा संदिग्ध दिखने पर एसएसबी को सूचित कर सकें। उन्होंने बताया कि विशेष प्रकार की हुलिया व परिधानों वाले नागरिकों से विशेष पूंछताछ व जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री जी की सोच ने गरीबों को बेटियों के विवाह से चिन्ता मुक्त कर दिया है –मंत्री

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज आर0आर0 इण्टर कालेज में जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती तथा विधायक श्याम प्रकाश ने गणेश पूजन के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में विवाह सम्पन्न होने के उपरान्त मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह तथा पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने नव विवाहित जोड़ों पर फूलों की वर्षा कर आर्शीवाद दिया तथा शादी के पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें। कार्यक्रम में आये नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए मंत्री जी ने कहा कि आप सभी का वैवाहिक जीवन खुशहाल एवं मंगलमय हो। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जी की सोच ने गरीबों को बेटियों के विवाह से चिन्ता मुक्त कर दिया है और इसी कड़ी में मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत लाखों गरीबों की बेटियों का विवाह कराया जा रहा है। मा0 मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज में सबसे नीचे पायदान पर जीवन यापन करने वाले लोगों को सभी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन स्तर में सुधार कर आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि अपने जीवन को खुशहाल बनाये रखने के लिए एक दूसरे को समझकर वैवाहिक जीवन की नींव मजबूत करें। सामूहिक विवाह में आये सभी नव दामपत्ति को आर्शीवाद देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आपका जीवन निरोग, मंगलमय एवं खुशहाल रहे और आपका पारिवारिक जीवन खुशमय हो। उन्होने सभी नव वैवाहिक जोड़ों से कहा कि वैवाहिक जीवन को यादगार बनाने के



लिए आज ही एक–एक पेड़ अवश्य लगाये और उसकी देखभाल कर बड़ा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आज सभी ब्लाक एवं नगरीय निकायों के 1004 में से 964 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीतिरिवाज से गायत्री पीठ के लोगों द्वारा तथा 40 जोड़ों का निकाह के माध्यम से विवाह सम्पन्न कराया गया हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित उमा0 मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, मा0 विधायक, जिलाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्यिों एवं पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, मा0 विधायक सवायजपुर प्रतिनिधि धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, ब्लाक प्रमुख अहिरोरी धर्मवीर सिंह पन्ने, ब्लाक प्रमुख पिहानी खुशी बाजपेई, ब्लाक प्रमुख बावन धमेन्द्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, डीडी कृषि डा0 नन्द किशोर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, ईओ नगर पालिका रवि शंकर शुक्ला सहित अन्य अधिकारी तथा भारी संख्या में नव विवाहित जोड़ों के परिजन उपस्थित रहें।

# शहीदों की याद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव जी के 92वां बलिदान दिवस पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति जौनपुर के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने फीता काटकर किया शिविर में लगभग 70 लोगों ने




रजिस्ट्रेशन कराया। रक्तदान शिविर में मनीष यादव, पवन यादव, लवकुश यादव, रोहित बरनवाल, हरितोष गिरी, सुजीत विश्वकर्मा, सहित करीब 30 लोगों ने रक्तदान किया।इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ अंजू सिंह ने सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति– पत्र और मोमेन्टो देकर उत्साहवर्धन किया डॉ. अंजू सिंह ने कहा कि भारत वर्ष युवाओं का देश है आज युवाओं को रक्तदान के लिए बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिये। शिविर में दर्जनों लड़कियों ने भी रजिस्ट्रेशन कराया था मगर हिमोग्लोबिन और वजन की कमी से रक्तदान से वंचित रही। संस्था प्रमुख ने कहा कि इस दिशा में भी संस्था द्वारा सार्थक कदम उठाया जाएगा ताकि उनमें रक्त की कमी ना हो और वो भी रक्तदान कर सके।इस अवसर पर शिविर में उपस्थित सी. एम.एस, डॉ. के. के राय, डॉ के. के पांडे, डॉ वी. के. सोनकर, डॉ. शशांक यादव डा. विकास सिंह, अरुण कुमार सिंह फार्मासिस्ट ब्लड बैंक के स्टाफ उपस्थित रहे।वही संस्था के सभी कार्यकर्ता लालमनि मिश्रा, सत्यजीत जीत मौर्या, मंजू सिंह, अंकिता मिश्रा, प्रीति बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

# बिजली दरों में बढोतरी पर 10 अप्रैल से विभिन्न जिलों में नियामक आयोग करेगा सुनवाई

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में बिजली दर बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव पर नियामक आयोग अप्रैल से सुनवाई करेगी। इसकी शुरुआत 10 अप्रैल को वाराणसी से होगी। इसके बाद बढोतरी पर फैसला लिया जाएगा। विद्युत वितरण निगम की ओर से नए सत्र में बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है। इसमें उपभोक्ताओं की बिजली दर में 18 से 23 फीसदी बढोतरी का प्रस्ताव है। नियामक आयोग बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता एवं बिजली दर प्रस्ताव पर सुनवाई करेगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की सुनवाई 10 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे वाराणसी कमिश्नर ऑफिस में होगी। मध्यांचल और उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन की सुनवाई 21 अप्रैल को गोमती नगर में विद्युत नियामक आयोग सभागार में होगी। इसी तरह दक्षिणांचल और केस्को की सुनवाई 27 अप्रैल को 11.30 बजे आगरा के राव कृष्ण पाल सिंह ऑडिटरियम में, पश्चिमांचल एवं नोएडा पावर कंपनी की सुनवाई 28 को 11.30 बजे गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में होगी। पहले उपभोक्ताओं का बकाया दें, फिर बढोतरी : वर्मा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि



बिजली दर में किसी भी कीमत पर बढोतरी नहीं होने दी जाएगी। आयोग की सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद अपनी बात रखेगा। परिषद अध्यक्ष खुद सुनवाई में उपस्थित होकर उपभोक्ताओं का पक्ष रखेंगे। कंपनियों की ओर से की जा रही मनमानी की पोल खोलेंगे। बिजली कंपनियों का प्रस्ताव असंवैधानिक है। वे पहले सरप्लस में रखे गए करीब 25133 करोड रुपये बिल में समायोजित करते हुए उपभोक्ताओं को लौटाएं। फिर बढोतरी की बात करें। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह हर सुनवाई में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर बिजली दरों में बढोतरी के प्रस्ताव का विरोध करें।

## प्रो. राजेश शर्मा विज्ञान संकाय के डीन बने : शिक्षकों ने बुके भेंटकर दी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में डिपार्टमेंट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी के प्रो. राजेश शर्मा को विज्ञान संकायाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वरिष्ठता और चक्राक्रम के अनुसार तीन वर्षों के लिए की गई है। इस पद पर इसके पूर्व प्रो. रामनारायण थे। प्रो. राजेश शर्मा ने कहा कि मेरा उद्देश्य संकाय के प्रति जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए अकादमी क्षेत्रों में गति देते हुए विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का है। प्रोफेसर राजेश शर्मा एनवायरमेंटल बायोटेक्नोलॉजी बाय प्रोसेस टेक्नोलॉजी विषय विशेषज्ञ हैं और अनुसंधान के प्रति उनका खास लगाव है। संकायाध्यक्ष बनते ही विज्ञान संकाय समेत विश्विद्यालय



के अधिकतर शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रो. वंदना राय. प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. देवराज सिंह, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, अमृतलाल, डा. मनीष गुप्ता, डा. एसपी तिवारी, ऋषि श्रीवास्तव, डा. विवेक कुमार पांडेय, डा. सुधीर उपाध्याय, डा. अवधेश मौर्य, प्रभाकर सिंह, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. सुनील कुमार, अधीक्षक अनिल श्रीवास्तव समेत कई शिक्षकों ने मिलकर उन्हें बुके भेंट किया।

# मंडल खरगूपुर में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा : मंडल खरगूपुर में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक की गई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे श्री त्रिपाठी ने बताया लोकसभा चुनाव 24 को



देखते हुए सभी बूथों को शसक्त बनाने हेतु अभियान चलाकर बूथ समिति,व्हाट्सएप ग्रुप,सरल ऐप,पन्ना प्रमुख को नए सिरे से बनाना है इसी के तहत आज बूथ 36 कटारिया दक्षिणी पर बूथ समिति का गठन किया गया है जिसमे बूथ अध्यक्ष दीपू तिवारी सचिव ननकू गुप्ता बी एल ए 2 अजय मिश्रा प्रभावी मतदाता प्रमुख सुरेंद्र नाथ दुर्वेदी महिला प्रमुख रेखा देवी सहित शिवम सोनी जयप्रकाश गुप्ता रिंकू गोस्वामी शिवम जायसवाल राजीव सोनी सूरज देवराज को बूथ की जिम्मेदारियां सौंपी गई इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री रविंद्र कश्यप अल्पकालिक शक्ति केंद्र विस्तारक उदयभान गुप्ता संजीव गुप्ता सत्यम कसौधन कृष्णानंद तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आठ साल के बच्चे की बेरहमी से गला रेतकर हत्या : खेत में खून से लथपथ मिला शव : पूरे इलाके में दहशत

बहराइच ब्यूरो : बहराइच में एक आठ साल के बच्चे की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार की रात हुई इस वारदात के बाद बच्चे का शव गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला है। घटना की जानकारी पर एसपी प्रशांत वर्मा ने भी मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। एसपी का कहना है कि वारदात का खुलासा जल्द किया जाएगा, इसके लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई है। थाना कोतवाली नानपारा अन्तर्गत परसा परसा निवासी किशुन पुत्र मिलन के आठ साल के विवेक का शव उन्हीं के खेत में भट्ठे के पास मिला। बृहस्पतिवार की रात गांव वालों की सूचना पर बच्चे के शव की शिनाख्त की गई। जिस पर पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पुलिस अधीक्षक ने रात में ही मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दिया। पुलिस की मानें तो बच्चे की हत्या किसी



धारदार हथियार से गला काटकर की गई है। वहीं उसके सर के ऊपर भी हमला किया गया है ,जिसके चोट के निशान मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि घटना काफी गंभीर है। पुलिस टीम जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# क्षयरोग उन्मूलन अभियान में पीयू का सक्रिय योगदान –कुलसचिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर एवं कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य के संरक्षकत्व में विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भवन सभागार में क्षयरोग जागरूकता एवं पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव महेंद्र कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा क्षयरोग उन्मूलन अभियान में पूर्वांचल विश्वविद्यालय बढ़–चढ़कर प्रतिभाग कर रहा है एवं प्रधानमंत्री जी के 2025 तक भारत को क्षयरोग से मुक्त करने के अभियान में कदम से कदम मिलाकर अपना योगदान देने के लिए तत्पर है। अध्यक्षीय उद्बोधन में वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा क्षय रोगी समय पर दवा और पोषण लेते रहें जिससे वे शीघ्र ठीक हो सकें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला के एमओआईसी डॉ अरुण कुमार ने क्षयरोगियों को क्षयरोग के विभिन्न लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.राकेश कुमार यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव ने किया। इस कार्यक्रम में करंजाकला, सदर और शाहगंज ब्लॉक के क्षयरोगियों सुनील वर्मा, आशीष प्रजापति, चंदा गुप्ता , मोलाई गौतम, रीना राजभर, कुलदीप चौहान, सुमित्रा यादव, चौधरी यादव, मीना निषाद आदि को पौष्टिक पोटली का वितरण कुलसचिव और वित्त अधिकारी ने किया। इस अवसर पर प्रो.बी. डी.शर्मा,डॉ श्याम कन्हैया सिंह, डॉ शशिकांत यादव, डॉ.जाह्नवी श्रीवास्तव,डॉ वनिता सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ अवधेश कुमार मौर्य,डॉ अरविंद कुमार यादव, डॉ विनय वर्मा ,सर्वेश कुमार यादव,ज्योति चौधरी,सौमित्र त्रिपाठी, शिवादित्य सिंह,दीपक कुमार,वरद सिंह, रविंद्र प्रजापति, नितेश कुशवाहा,शिवा सोनकर, सौरभ सिंह,निखिल शर्मा, कयामुद्दीन खान,संदीप यादव, संतोष कुमार,स्वर्णिम मिश्रा, आलोक मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# प्रियांशी ने पहले ही प्रयास में क्लैट एग्जाम किया क्वालीफाई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सेठ एमआर जयपुरिया गोयल कैंपस की इंटरमीडिएट की छात्रा प्रियांशी गुप्ता ने क्लैट की परीक्षा पहले ही प्रयास में क्वालीफाई करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि प्रियांशी



गुप्ता जयपुरिया स्कूल में ह्यूमैनिटी इंटरमीडिएट की छात्रा है। इंटरमीडिएट की पढ़ाई करते हुए उसने क्लैट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। चेयरमैन महेश गोयल, प्रिंसिपल डॉ रीना पाठक सहित तमाम रिश्तेदारों ने प्रियांशी को बधाई दी है। मां तृप्ति गुप्ता ने बताया कि बेटी प्रियांशी बचपन से ही मेधावी रही है। प्रियांशी ने बताया कि दादा इंजीनियर केडी चौधरी ने क्लैट की परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। प्रियांशी शिक्षा के साथ–साथ डांस में भी रुचि रखती है।

# डीजीपी चयन को लेकर असमंजस बरकरार : डीएस चौहान एक सप्ताह बाद हो रहे हैं सेवानिवृत्त

लखनऊ ब्यूरो : डीजीपी डीएस चौहान को सेवानिवृत्त होने में केवल एक हफ्ते का समय बचा है। उनके बाद सूबे का नया डीजीपी कौन बनेगा, इसे लेकर असमंजस बरकरार है। नये डीजीपी के चयन के लिए संघ लोक सेवा आयोग को प्रस्ताव भेजे जाने की पुष्टि अधिकारी नहीं कर रहे हैं। डीजीपी को सेवा विस्तार मिलने को लेकर भी संशय बना हुआ है। 11 माह से कार्यवाहक डीजीपी हैं डीएस चौहान डीएस चौहान बीते करीब 11 माह से कार्यवाहक डीजीपी के पद पर हैं। उनको 13 मई 2022 को डीजीपी मुकुल गोयल को हटाने के बाद ये जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। वहीं सितंबर माह में संघ लोक सेवा आयोग ने प्रदेश सरकार की ओर से डीजीपी के चयन का भेजा गया प्रस्ताव कुछ आपत्तियों के साथ वापस कर



दिया था। आयोग ने पूछा था कि मुकुल गोयल को डीजीपी के पद पर न्यूनतम दो वर्ष की अवधि पूरी होने से पहले हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों का पालन किया गया कि नहीं।

# पुलिस ने एक महिला सहित चार शातिर चोर चोरी के माल व अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।भेलसर(अयोध्या)रुदौली पुलिस ने एक महिला सहित चार शातिर चोर को चोरी के माल व अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।रुदौली कोतवाल देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अविनाश चन्द्र पुलिस बल के साथ गुरुवार को अपराध नियंत्रण,सन्दिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग व अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान रहे थे ।तभी कोतवाल देवेन्द्र सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ही अली पब्लिक स्कूल के पास आम की बाग के निकट दुदाधारी के पास कुछ शातिर चोर मौजूद हैं ।सूचना मिलते कोतवाल देवेंद्र सिंह ने तत्काल उपनिरीक्षक अविनाश चन्द्र चौकी प्रभारी नयागंज,उपनिरीक्षक इसहांक खान कोतवाली रूदौली,उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव चौकी प्रभारी शुजागंज व का0 संतोष यादव,आशीष यादव,धर्मेंद्र कुमार,राहुल भारती व महिला का0 मनोरमा मौर्या की टीम को तत्काल मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान अली पब्लिक स्कूल के निकट आम की बाग के पास दुदाधारी भेजकर शातिर चोर मोहम्मद रहमान,शोएब ,अल्ताफ उर्फ कल्लू व एक महिला रुबीना को घेर कर गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से अवैध शास्त्र व चोरी का सामान बरामद हुआ। इस घटना का अनावरण करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली सतेंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मोहम्मद रहमान पुत्र मोहम्मद सईद 23 वर्ष,मोहम्मद शुएब पुत्र मोहम्मद खलील 21वर्ष,अल्ताफ उर्फ कल्लू पुत्र मोहम्मद सईद 22वर्ष व रुबीना पत्नी मोहम्मद रहमान 22 वर्ष सभी अभियुक्त रुदौली कोतवाली के मोहल्ला सफी नगर के निवासी हैं।जिनके पास से पुलिस ने पांच जोड़ी पायल,एक चोटी,एक जोड़ी ब्रेसलेट सफेद धातु का,एक जोड़ी झुमकी,दो मांग टीका,एक अंगूठी लेडीज,एक जोड़ी बुंदा झाला,एक जोड़ी छोटा टप्स,एक नथिया,एक ठप्पे का मंगलसूत्र,एक पांच ठप्पे की मनचली,दो जोड़ी बाली,एक नाक की कील व एक जोड़ी मुर्खी पीली धातु की बरामद की गई और उन्होंने बताया की पकड़े गए अभियुक्तों के पास एक अदद तमंचा अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर और एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व जिंदा कारतूस12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है ।उन्होंने बताया कि यह बहुत ही शातिर किस्म के चोर हैं जिनके ऊपर रूदौली कोतवाली सहित बाराबंकी जीआरपी थाने में दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा कार्यालय पर समाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 11 महिलाए सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो )सुरेंद्र कुमार। भाजपा ने पार्टी कार्यालय मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले में सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली ग्यारह महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने महिलाओं को अवार्ड देने के साथ में भगवा पट्टिका व राममंदिर का माडल भेंट किया। कार्यक्रम की शुरुवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्जवलन के उपरान्त हुई। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना परिवार से लेकर समाज व देश का विकास नहीं हो सकता है। आदि काल से महिलाएं मानव समाज के लिए प्रेरणा का श्रोत्र बनी हुई है। कोविड के दौरान महिला डाक्टरों, नर्सो, आशा वर्करों, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए मरीजों को अपनी सेवाएं दी है। टीकाकरण अभियान की सफलता में सबसे बड़ा योगदान महिलाओं का रहा है। समाज में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को आज सम्मानित किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। मिशन शक्ति की जमीनी स्तर पर सफलता इसका एक प्रमुख उदाहरण है। बेटियों को गुणवक्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। गरीब महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास का संचार करने के लिए सरकार ने उज्जवला, निःशुल्क शौचालय व विद्युत कनेक्शन जैसी योजनाएं दी है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डा सरोज मिश्रा ने कहा कि समाज के लिए विशेष योगदान देने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इसके लिए भाजपा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रधान शशि प्रभा, प्रधानाचार्य मायादेवी ओझा, स्वयं सहायता समूह के लिए कमला देवी, शिक्षिका शिवानी रावत, एनम प्रियंका आनंद, आंगनबाड़ी कार्यकत्री विमला सिंह व कुलेश्वरी गुप्ता, सुपरवाईजर आंगनवाड़ी अरुणा वाजपेई व मधु सिंह, एकल विद्यालय के लिए रागिनी गुप्ता व आशा बहू तारा तिवारी शामिल रही। इस अवसर पर सुमन पासवान, सीमा सिंह, सीमा यादव, करुणा पाण्डेय, सरिता बंसल प्रमुख रुप से उपस्थित रही।

# प्रदेश में मिथकों को तोड़ रही यूपी रोडवेज में कंडक्टर्स के साथ–साथ महिला ड्राइवर्स के हाथों मे भी कमान

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में किसी गंतव्य तक जाने के लिए यदि आप यूपी रोडवेज की बस को चुनते हैं तो हो सकता है कि आपका टिकट काटने वाली कंडक्टर कोई महिला हो। ये आपके लिए सामान्य बात हो सकती है, क्योंकि यूपी रोडवेज में काफी समय से महिला कंडक्टर इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं। हालांकि सफर के दौरान यदि आपकी नजर ड्राइविंग सीट की ओर जाए और वहां किसी महिला को बस ड्राइव करते देखें तो चौंक मत जाइएगा। प्रदेश की बेटियां अब यूपी की परिवहन सेवा का स्टेयरिंग भी संभाल रही हैं। 2022 में ही यूपी रोडवेज ने पहली बार रोडवेज बस की ड्राइविंग सीट पर महिला ड्राइवर को बिठाया था और तब से अब तक कई और महिलाएं इस भूमिका के लिए तैयार हो चुकी हैं। प्रदेश की महिलाएं ड्राइविंग सीट हों, कंडक्टर की सीट हो या भी कोई भी अन्य विभागीय काम, हर जगह महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को उठा रही हैं। ये इस बात का प्रतीक है कि उत्तर प्रदेश में नारी शक्ति को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त बनाने के जो प्रयास सीएम योगी ने 2017 के बाद से शुरू किए थे, वो सही दिशा में हैं और अब धरातल पर इसकी बानगी भी दिखने लगी है। महिला ड्राइवरों को मिली 24 माह की ट्रेनिंग 31 दिसंबर 2022 को प्रियंका शर्मा उत्तर प्रदेश की पहली रोडवेज बस ड्राइवर बनी थीं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा नियुक्त 26 महिला ड्राइवरों में से प्रियंका भी एक हैं। ये सभी महिला ड्राइवर कौशल विकास मिशन के तहत मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट से 24 महीनों की ट्रेनिंग लेकर स्टेयरिंग संभाल रही हैं। हल्के और भारी वाहनों को चलाने में निपुण इन महिलाओं को रोडवेज के प्रदेश के अलग–अलग डिपो में तैनाती दी गई है। इन्हें इनके गृह जनपद के डिपो में 17 महीने तक बसों को चलाने का मौका दिया गया है, जिसके बाद बतौर संविदा चालक रोडवेज में भर्ती कर लिया जाएगा। प्रदेश में अपनी तरह की यह अनूठी शुरुआत कौशल विकास मिशन और रोडवेज के संयुक्त प्रयास से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च 2020 को की गई थी। इसके तहत इन्हें 200 घंटे की हल्के वाहन (एलएमवी) की ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद इन्हें 400 घंटों की हैवी वाहन यानी बस (एचएमवी) की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण में नियमित कक्षाएं लगीं और इंटरव्यू व प्रैक्टिकल भी शामिल रहा।




महिला कंडक्टरों के सहारे बदल रही है तस्वीर यूपी रोडवेज में कंडक्टर पदों पर महिलाओं की भागीदारी और सड़कों पर महिला कंडक्टरों के सहारे दौड़ती बसें एक अलग ही तस्वीर दिखाती हैं। कभी महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों में अव्वल रहे यूपी में यह तस्वीर दिखाती है कि सीएम योगी के शासन में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति किस तरह महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल हुई है। सड़क पर दौड़ती रोडवेज की बसों में उत्साह से लबरेज इन महिला परिचालकों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यूपी में महिलाएं मिथकों को तोड़ते हुए उन पेशों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, जिन पदों को अभी तक पुरुषों के लिए आरक्षित माना जाता था। सिर्फ ड्राइवर और कंडक्टर ही नहीं, यूपी रोडवेज में 1104 महिला कर्मचारी विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं जो विभाग में महिला शक्ति का परिचायक है। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रहीं महिलाएं यूपी रोडवेज में जहां महिलाएं विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे रही हैं तो वहीं विभाग भी मातृ शक्ति को सम्मान देते हुए कई तरह की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित कर रहा है। सीएम योगी के सीएम बनने के बाद से इस तरह की सुविधाओं में काफी इजाफा किया गया है। सीएम योगी के निर्देश पर रक्षाबंधन के पर्व पर महिलाओं के लिए यूपी रोडवेज में मुफ्त सफर की सुविधा प्रदान की गई। इसके माध्यम से 2022 में 22 लाख महिला यात्रियों ने मुफ्त में अपने गंतव्य तक का सफर किया, जिस पर करीब 19 करोड़ रुपए के खर्च को सरकार ने वहन किया। 2017 में 11 लाख से अधिक, 2018 में 11 लाख, 2019 में 12 लाख, 2020 में करीब 7.5 लाख और 2021 में करीब 10 लाख महिला यात्रियों ने मुफ्त यात्रा की। कुल मिलाकर विभाग और सरकार ने 2017 से 2022 के बीच इस यात्रा के लिए 54 करोड़ रुपए का वहन स्वयं किया। इसके अतिरिक्त बस स्टेशंस पर बच्चों को फीड कराने के लिए मातृ शिशु देखभाल कक्ष बनाए गए हैं। यूपीएसआरटीसी बोर्ड ने अपनी महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने का भी निर्णय लिया है। इसके अलावा महिलाओं को केंद्र में रखकर प्रदेश में 50 पिंक बसों का भी संचालन किया जा रहा है।

# हर दिन होगी 50 हजार कोविड सैंपल की जांच : प्रदेश में 24 नए कोरोना पॉजिटिव मिले : 134 एक्टिव मरीज

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में एक्टिव कोविड मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। बृहस्पतिवार को 24 नए मरीज मिलने से एक्टिव मरीजों को कुल संख्या 134 हो गई। बुधवार को एक्टिव मरीजों की संख्या 110 थी। ऐसे में सभी जिलों में कोविड जांच का दायरा बढ़ाकर हर दिन 50 हजार सैंपल करने के निर्देश दिए गए हैं। अभी रोजाना करीब 34 हजार सैंपल की जांच हो रही है। गौरतलब है कि होली के बाद से प्रदेश में कोविड मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बृहस्पतिवार को लखनऊ में आठ और गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद में पांच–पांच नए मरीज मिले हैं। वहीं, अन्य जिलों में एक से दो मरीज मिले हैं। गौतमबुद्धनगर में एक्टिव केस की संख्या 30 और लखनऊ में 21 है। पूरे प्रदेश में कुल एक्टिव मरीज 134 हैं। इसमें 10 मरीज अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। संचारी रोग निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को बुखार के मरीजों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। रैपिड रिस्पांस टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है। मरीज के पॉजिटिव पाए जाने पर उनकी निगरानी की जा रही है। जीनोम सिक्वेसिंग पर जोर, सीएमओ आफिस से सभी अस्पतालों को भेजा गया पत्र, जांच बढ़ाने के निर्देश कोरोना का ग्राफ लगातार बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग में भी अलर्ट पर है। अस्पतालों की ओपीडी में लक्षण वाले सभी मरीजों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जो भी केस पॉजिटिव आ रहा है उसका नमूना जीनोम सिक्सेविग कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यह पता चल सके यह कोविड का कौन सा वैरिएंट हैं। सीएमओ जरिए सभी अस्पतालों को सर्तक रहने संग जीवन रक्षक उपकरणों को ठीक रखने को कहा गया है। सरकारी अस्पतालों में सर्दी–जुखाम व बुखार की शिकायत लेकर बड़ी तादाद में मरीज आ रहे हैं। हर अस्पताल की ओपीडी में करीब 150–200 मरीज



हर दिन इलाज के लिए अस्पतालों की ओपीडी में आ रहे हैं। डॉक्टर अभी तक इसे वॉयरल फीवर मानकर कोविड की जांच नहीं करवा रहे थे। बिना जांच कोविड प्रसार बारे में जानकारी नहीं मिल पा रही थी। अस्पतालों में ऑपरेशन वाले मरीजों की डॉक्टर कोविड जांच करवा रहे थे। कोविड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लक्षण वाले सभी मरीजों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर सभी अस्पताल प्रभारियों को पत्र भेजा गया है। अधिक से अधिक मरीजों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जो भी मरीज पॉजिटिव आ रहे हैं उनका नमूना जीनोम सिक्वेसिंग भी कराने को कहा गया है। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक, सभी अस्पताल प्रभारियों को पत्र भेजकर अधिक से अधिक जांच कराए जाने को कहा गया है। जीवनरक्षक उपकरण ठीक रखने के निर्देश सरकारी अस्पतालों में लगे जीवन रक्षक उपकरणों को फिर से ठीक कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। वेंटीलेटर समेत दूसरे उपकरण व ऑक्सीजन की उपलब्धता बेहतर रखने को कहा गया है। इसे लेकर जल्द ही मार्कडिल भी कराई जाएगी। ओमिक्रॉन के सब टॉइप वैरिएंट मिल रहे केजीएमयू में जीनोम जांच के लिए आ रहे नमूने में कोई भी नया वैरिएंट अभी तक सामने नहीं आया है। इससे स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। अफसरों का कहना है जीनोम में ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट ही सामने आए हैं। कोई नए वैरिएंट अभी तक नहीं मिला है।

# अयोध्या महिला सशक्तिकरण अभियान को सकुशल सम्पन्न कर जनपद अयोध्या वापस आई सभी महिला पुलिसकर्मी

अयोध्या डीकेयू लाइव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार ।जनपद अयोध्या में उ0प्र0 सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शक्ति की उपासना के चौत्र नवरात्रि पर्व पर मिशन शक्ति को प्रभावी बनाये जाने हेतु महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली गई उ0प्र0 सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शक्ति की उपासना के चैत्र नवरात्रि पर्व पर मिशन शक्ति रैली मे प्रतिभाग करने वाली जनपद अयोध्या की समस्त महिला पुलिसकर्मी, महिला सशक्तिकरण अभियान को सकुशल सम्पन्न कर जनपद अयोध्या वापस आयीं, सभी महिला पुलिस कर्मियों का फूल माला



पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

# प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए चिह्नित किए जाएंगे जर्जर और बदहाल शौचालय

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की सीएम योगी की मंशा के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश ने एक नई पहल की है। सीएम योगी के निर्देश पर मिशन ने सात दिवसीय '75000 सीट शौचालयों का कायाकल्प/जीर्णोद्वार' के लिए एक राज्यव्यापी अभियान चलाने की घोषणा की है। इसके तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अभियान चलाकर 24 से 30 मार्च के मध्य सामुदायिक, सार्वजनिक एवं पिंक शौचालयों का कायाकल्प किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने पीएम मोदी के स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए योगी सरकार लगातार नए–नए कदम उठा रही है। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। सात दिनों में होगी मरम्मत इस अभियान के विषय में राज्य मिशन निदेशक नेहा शर्मा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बेहतर अंक पाने के साथ ही नागरिकों को स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने के दृष्टिगत सात दिवसीय '75000 सीट शौचालयों का कायाकल्प/जीर्णोद्वार' अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के तहत नगरीय निकायों में स्थित ऐसे सामुदायिक, सार्वजनिक एवं पिंक शौचालय जिन्हें मरम्मत आदि की आवश्यकता है, उन्हें चिन्हित कर सात दिन के भीतर उनका कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए विभाग द्वारा समय–समय पर विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही इन अभियानों में जनभागीदारी




भी सुनिश्चित की जा रही है। स्थायी स्वच्छता के लिए जन सहभागिता बेहद जरूरी है, इसलिए आमजन को अभियानों से ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता और स्वच्छता मानक में सुधार करना। स्वच्छ सर्वेक्षण – 2023 के दौरान निकायों के साथ–साथ प्रदेश की बेहतर रैकिंग हासिल करना। मौजूदा सीटी / पीटी को सबसे साफ शौचालय में बदलना।सार्वजनिक शौचालयों में स्वच्छता और साफ–सफाई के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना। सभी सीटी / पीटी में ओडीएफ मानकों का निर्धारण सुनिश्चित करना।आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने और कचरे को उचित स्थान पर निस्तारित करने के लिए प्रोत्साहित करना। सीटी / पीटी शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करना, जिसमें सफाई का समय निर्धारित करना और ओडीएफ मापदंडों के अनुसार साबुन, टॉयलेट पेपर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना शामिल है। सफाई अभियान में स्थानीय व्यपारियों, सरकारी एजेंसियों और सामुदायिक संगठनों को सम्मिलित करना।

## अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की प्रक्रिया शुरू

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो)सुरेंद्र कुमार। राम नगरी को सोलर सिटी बनाने के लिए दिल्ली की वसुधा फाउंडेशन ने सदर तहसील के सामने कैंप लगाया क, यूपी नेडा के सहयोग से लगाया कैंप, वसुधा फाउंडेशन ने यूपी नेडा के साथ एमओयू किया, कंपनी ने सोलर लगवाने के लिए लोगों को जागरूक भी किया और उसके फायदे भी बताएं, इस कंपनी ने सोलर लगाने पर सब्सिडी देने की भी बात कही, जो केंद्र और प्रदेश सरकार देगी। एक किलो वाट पर 15 हजार रुपए तक की सब्सिडी, वसुधा फाउंडेशन की रिसर्च एसोसिएट तान्यता ने सोलर लगाने के बताए फायदे, अयोध्या में लगाए जाएंगे 40 कैंप,लोगों को सोलर लगाने के लिए किया जाएगा जागरूक, यूपी नेडा के सहयोग से अब तक वसुधा फाउंडेशन 4 कैंप लगा चुकी है। अयोध्या दौरे के दौरान सीएम योगी ने बिजली के विकल्प के रूप में लोगों को सोलर लगाने का सुझाव दे चुके हैं।

## चांद दिखते ही रमजान का पवित्र महीना शुरू

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। रमजान का चांद नजर आते ही मुस्लिम समुदाय का पवित्र महीना शुरू हो गया। गुरुवार को चांद नजर आते ही शुक्रवार से रमजान का महीना शुरू हो गया है ।रमजान का चांद देखने के बाद से ही लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देने लगे और सहरी व तरावीह की तैयारी में जुट गए ।बृहस्पतिवार को रूदौली नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने तरावीह की नमाज अदा की वहीं मुस्लिम महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की। पूर्व मंत्री व विधायक सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने भी आवाम को रमजान के चांद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि अल्लाह से दुआ करे कि माहे रमजान समाज में लोगों को सुकून,आपसी एखलाक,मोहब्बत व एक दूसरे की मदद करने वाला बना दे और जो जरूरतमंद है अल्लाह उन नेक बंदों को मदद करने वाला बना दे ।मुबारकबाद देने वालो में समाजसेवी दानिश हुसैन,पूर्व ब्लॉक प्रमुख निशात अली खां,पूर्व प्रधान लियाकत अली खां,समाजसेवी सबीना खातून,पूर्व प्रधान इदरीश खां,पूर्व प्रधान कदीर खां,शाह मसूद हयात गजाली,विनोद कुमार लोधी,विजय गुप्ता,गया शंकर कश्यप,साहेब सरन वर्मा,राम भोला तिवारी,दीप रस्तोगी,मो0 शारिक,शहीम अहमद,साजिद हुसैन,अबरार अहमद आदि ने रमजान के चांद की मुबारकबाद दी है।

# होमगार्ड के घर मिला लापता सारस : पक्षी विहार में फिर छोड़ा

लखनऊ ब्यूरो : समसपुर पक्षी विहार से लापता हुआ सारस बुधवार देर रात पांच किलोमीटर दूर विसइया गांव निवासी होमगार्ड सतीश



कुमार के घर से मिल गया। गांव के पास कुत्तों के झुंड से सारस को घिरा देख होमगार्ड का छोटा भाई दिनेश किसी तरह बचाकर उसे घर ले आया था। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सारस को फिर से समसपुर पक्षी विहार में छोड़ दिया है। अमेठी जिले के जामो क्षेत्र के मंडखा गांव उस समय चर्चा में आ गया, जब यहां के रहने वाले आरिफ और सारस की दोस्ती के किस्से सोशल मीडिया पर वायरल हुए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी दोनों की दोस्ती देखने आरिफ के गांव पहुंचे थे। पूर्व मुख्यमंत्री के आरिफ से मिलने के बाद वन विभाग की टीम अमेठी पहुंची। स्वच्छ वातावरण का हवाला देकर टीम ने सारस को मंगलवार को समसपुर पक्षी विहार में लाकर छोड़ दिया था। बुधवार शाम करीब चार बजे सारस दिखाई नहीं दिया तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। होमगार्ड सतीश ने बताया कि यदि उसका छोटा भाई कुत्तों के झुंड से सारस को न बचाता तो उसकी जान चली जाती। सतीश ने बताया कि सारस को मैगी, रोटी और चावल खिलाया गया। पक्षी विहार से विसइया गांव करीब पांच किलोमीटर दूर है। सूचना पाकर बुधवार देर रात पक्षी विहार के वन दरोगा सुशील कुमार की अगुवाई में चार सदस्यीय टीम गांव गई और सारस को साथ ले आई। वन क्षेत्राधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि सारस पक्षी मिल गया है। उसे समसपुर पक्षी विहार में फिर छोड़ दिया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।